भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1052
जिसका उत्तर बुधवार 27 जुलाई, 2016 को दिया जाना है

बेरोजगारी का सामना करने हेतु उद्योगों की स्थापना

1052. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में बढ़ते बेरोजगारों के लिए सरकार बड़े एवं छोटे उद्योग लगाने जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में कितने स्थानों पर बड़े एवं छोटे उद्योग लगाए जा रहे हैं और उन उद्योगों में कितने बेरोजगारों को रोजगार मिलने जा रहा है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग): उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए भारी उद्योग विभाग में बेरोजगार लोगों के लिए भारी/लघु उद्योगों की स्थापना के संबंध में कोई केन्द्रीकृत आंकड़ा नहीं रखा जाता है। भारी उद्योग विभाग की भूमिका अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और सेक्टरों के प्रशासन तक सीमित है।

****